नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **7**

**V-103 (Supp.)**

# व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–X) पूरक परीक्षा, 2018

# लेवल – द्वितीय

# विषय – स्वास्थ्य देखभाल

**समय : 2 घण्टे 15 मिनिट** **पूर्णांक : 30**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक के उत्तर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर–पुस्तिका में तालिका बनाकर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक के 4 से 6 पंक्तियों में लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – (अ)

I. सही विकल्प चुनें : **(10×½=5)**

1. 50-200 बिस्तर संख्या वाला अस्पताल कहलाता है : **(½)**

(अ) शिक्षण और रेफरल अस्पताल (ब) जिला या तालुका अस्पताल

(स) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (द) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

2. आइसोलेशन अस्पताल में पीड़ित व्यक्तियों का इलाज किया जाता है **(½)**

(अ) संचारी रोगी (ब) सामान्य रोगी

(स) नेत्र रोगी (द) हृदय रोगी

3. किसी व्यक्ति को एक बीमारी, चोट, दवा की समस्या आदि के बाद सामान्य, स्वस्थ स्थिति में वापस लाना कहलाता है **(½)**

(अ) निवारक (ब) पुनर्वास

(स) विसंक्रमण (द) संचारण

4. सामान्य तौर पर स्वीकृत शरीर का मुख्य तापमान (आंतरिक रूप से लेने पर) डिग्री से. होता है : **(½)**

(अ) 40 डिग्री से. (ब) 39 डिग्री से.

(स) 38 डिग्री से. (द) 37 डिग्री से.

5. एक संक्रामक रोग जो मादा मच्छर से मनुष्य में फैलता है : **(½)**

(अ) मीजल्स (ब) कोलेरा

(स) मलेरिया (द) हिपेटाइटिस–बी



Downloaded from www.cclchapter.com

6. बैक्टीरिया द्वारा उत्पन्न होने वाला मानव रोग है : (½)

(अ) रूबेला (ब) तपेदिक

(स) हिपेटाइटिस–बी (द) फ्लू

7. एक ऐसी बैंडेज जो घायल हाथ में लगाई जाती है । यह कपड़े के तिकोने टुकड़े से बनाई जाती है जिससे गर्दन के आस–पास हाथ को सहारा दिया जाता है (½)

(अ) स्पिलंट (ब) टॉर्निकेट बैंडेज

(स) साधारण बैंडेज (द) स्लिंग

8. पैरासिटामोल टेबलेट का उपयोग किया जाता है : (½)

(अ) बुखार/फ्लू व सामान्य दर्द में (ब) एलर्जी में

(स) कब्ज में (द) सीने में जलन/एसिडिटी में

9. सेंट्रल प्लेन जो दो हिस्सों अर्थात दाएँ और बाएँ में शरीर को विभाजित करता है, कहलाता है (½)

(अ) एंटीरियर (ब) पोस्टीरियर

(स) मेडियन लाइन (द) मीडियल

10. हृदय में कक्ष होते हैं : (½)

(अ) एक ऑरिकल एक वेंट्रिकल (ब) दो ऑरिकल्स दो वेंट्रिकल्स

(स) एक ऑरिकल दो वेंट्रिकल्स (द) दो ऑरिकल्स एक वेंट्रिकल



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – (ब)

II. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें : **(20×½=10)**

11. अस्पताल शब्द लैटिन शब्द _________ से लिया गया है । **(½)**

12. पेशेंट शब्द लैटिन भाषा के पेशेंस से बना है, जिसका अर्थ _________ है । **(½)**

13. विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाएँ रोगियों को प्रदान करने के लिए _________ विभाग जिम्मेदार है । **(½)**

14. बैक्टीरिया और उनसे उत्पन्न जहर की जाँचे _________ प्रयोगशाला में की जाती है । **(½)**

15. उच्च रक्तचाप वाले एक क्लाइंट में _________ रहित आहार से उच्च रक्तचाप को कम कर सकते हैं । **(½)**

16. भोजन साफ और _________ हुए कंटेनरों में दिया जाना चाहिए । **(½)**

17. सूक्ष्मदर्शी का आविष्कार _________ द्वारा किया गया । **(½)**

18. प्राथमिक चिकित्सा किट में महत्त्वपूर्ण _________ और अन्य राहत सामग्री रखनी चाहिए । **(½)**

19. जब हृदय और फेफड़े दोनों काम करना बंद कर देते हैं, तब _________ दिया जाता है । **(½)**



Downloaded from www.cclchapter.com

20. बुखार होने पर _________ का उपयोग करते हुए शरीर का तापमान लेना चाहिए । **(½)**

21. अस्थमा का हमला होने पर अस्थमा _________ का उपयोग किया जाता है । **(½)**

22. टिटनस टॉक्सोइड़ का इंजेक्शन _________ की रोकथाम के लिए दिया जाता है । **(½)**

23. शरीर की संरचनाओं और अन्य विभिन्न अंगों के संबंध सहित व्यवहारों के विज्ञान को _________ विज्ञान के रूप में जाना जाता है । **(½)**

24. एक औसत वयस्क में लगभग _________ लीटर रक्त होता है । **(½)**

25. गुर्दे की कार्यात्मक इकाई _________ कहलाती है । **(½)**

26. मानव शरीर में _________ मुख्य प्रकारों के पोषक तत्त्वों की आवश्यकता होती है । **(½)**

27. पिट्यूटरी ग्रंथि को शरीर की _________ ग्रंथि भी कहा जाता है । **(½)**

28. आपातकालीन स्थिति में _________ पर कॉल करना चाहिए । **(½)**



Downloaded from www.cclchapter.com

29. स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, रोगी और परिवारों के बीच व्यवस्थित ________ से रोगी की बेहतर देखभाल होती है। (½)

30. तनाव का अर्थ है, बुरी ________ और जीवन की समस्याओं से होने वाली परेशानी। (½)

## खण्ड – (स)

III. **चार से छः:** पंक्तियों में उत्तर दीजिए : **(6×1½=9)**

31. उद्देश्यों के आधार पर अस्पतालों का वर्गीकरण कीजिए। **(1½)**

32. मुँह से तापमान लेने की विधि लिखिए। **(1½)**

33. संक्रमण पैदा करने वाले सूक्ष्मजीवों के शरीर में प्रवेश के मार्ग लिखिए। **(1½)**

34. किसी व्यक्ति के प्राथमिक डिग्री तक जलने पर आप उसे किस प्रकार प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करेंगे ? **(1½)**

35. त्वचा के कार्य लिखिए। **(1½)**

36. व्यक्ति के व्यक्तित्व की कुछ विशेषताएँ लिखिए जो गुस्सा उत्पन्न करती हैं। **(1½)**



Downloaded from www.cclchapter.com

**खण्ड – (द )**

IV. दो पृष्ठों में उत्तर दीजिए : **(2 × 3 = 6)**

37. बिस्तर बनाने के उद्देश्य लिखिए । बिस्तर तैयार करने के लिए सामान्य अनुदेश कौन–कौन से हैं ? लिखिए । **(1 + 2 = 3)**

38. सूक्ष्मजीवों से आप क्या समझते हैं ? विभिन्न प्रकार के रोग पैदा करने वाले सूक्ष्मजीवों का वर्णन कीजिए । **(1 + 2 = 3)**



Downloaded from www.cclchapter.com

Downloaded from www.cclchapter.com